वाइट कॉलर टेररिस्ट का अल-फलाह से सीधा कनेक्शन !

दिल्ली धमाके के बाद अब जांच एजेंसियों के हाथ बड़ा सुराग लगा

नईदिल्ली, 12 नवंबर. हरियाणा में फरीदाबाद जिले के मुस्लिम बहुल धौज गांव में अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसका 76 एकड़ में फैला परिसर ''सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल'' और दिल्ली के लाल किले के पास हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट के सिलसिले में तीन चिकित्सकों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में बाद अब घेरे में आ गया है.

विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार, इसकी स्थापना हरियाणा विधानसभा द्वारा हरियाणा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत की गई थी. इसकी शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी. 2013 में अल-फलाह

परवेज

शाहीन

इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से 'ए' श्रेणी की मान्यता प्राप्त हुई. 2014 में हरियाणा सरकार ने इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिया. अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है. इस विश्वविद्यालय में 650 बिस्तरों वाला एक अस्पताल भी है, जहां चिकित्सक मुफ्त में मरीजों का उपचार करते हैं. विश्वविद्यालय से जुड़े तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है. ट्रस्ट के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी हैं. उपाध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला कासिमी एम ए और सचिव मोहम्मद वाजिद डीएमई हैं. वहीं अल-फलाह विश्वविद्यालय के वर्तमान रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) मोहम्मद परवेज हैं. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद इसके कुलपति हैं.

उसके भाई का लिंक सामने आ रहा है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की संयुक्त पूछताछ में शाहीन ने माना कि संगठन के कश्मीर और फरीदाबाद नेटवर्क के बीच गुप्त तरीके से विस्फोटक सामग्री, डिटोनेटर और टाइम डिवाइस की सप्लाई की जा रही थी.

शाहीन के पिता ने कहा- डेढ़ साल से बेटी से नहीं मिला

फरीदाबाद की डॉ. शाहीन सईद की गिरफ्तारी के बाद अब उनके परिवार की प्रतिक्रिया सामने आई है. शाहीन के पिता ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से उनकी बेटी से मुलाकात नहीं हुई थी, हालांकि एक महीने पहले दोनों के बीच फोन पर बात जरूर हुई थी. उन्होंने बताया कि सोमवार को, जिस दिन दिल्ली के लालकिले के पास विस्फोट हुआ, उस दिन शाहीन या उसके भाई परवेज अंसारी से उनकी कोई बातचीत नहीं हुई थी. शाहीन के पिता ने कहा, मेरी बेटी डॉक्टर है, उसने अपनी पढ़ाई और जिंदगी मेहनत से बनाई है. मुझे उस पर कोई शक नहीं है. उन्होंने यह भी बताया कि परिवार का बड़ा बेटा उनके साथ रहता है और वे चाहते हैं कि एजेंसियां सच्चाई सामने लाएं. इस बीच एनआईए ने दिल्ली ब्लास्ट केस की जांच अपने हाथ में ले ली है और फरीदाबाद से लेकर लखनऊ तक जांच का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है. बता दें दिल्ली के लालकिले के पास सोमवार शाम हुए भीषण धमाके के बाद अब जांच एजेंसियों के हाथ बड़ा सुराग लगा है. जैश-ए-मोहम्मद की महिला कमांडर डॉ. शाहीन शाहिद ने पूछताछ में सनसनीखेज खुलासा किया है कि वह और उसके साथी पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रहे थे और भारत में बड़े आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे.

कैरिबियन में अमेरिकी विमान की तैनाती से बढ़ा तनाव

वाशिंगटन, 12 नवंबर. दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड, कैरिबियन सागर में पहुंच गया है.

अमेरिकी नौसेना ने यह जानकारी दी है. इससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि ट्रंप प्रशासन मादक पदार्थ-आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को निशाना बना रहा है. गेराल्ड आर. फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की तैनाती के साथ कैरिबियन में अमेरिकी सेना की संख्या बढ़कर अब 15,000 से अधिक हो गई है जो इस क्षेत्र में दशकों में सबसे बड़ा सैन्य जमावड़ा है. पेंटागन के

प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा, ये सुरक्षा बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों को कम करने तथा उन्हें खत्म करने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे. यह प्रथम श्रेणी का वाहक अपने अभियानों में सहायता के लिए दिन-रात एक साथ स्थिर-पंख वाले विमानों को उड़ान भरने और उतरने में मददगार है.

दवा फैक्ट्री में बॉयलर फटा, दो जिंदा जले, 20 लोग घायल

भरूच, 12 नवंबर. गुजरात के भरूच में एक दवा फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ है. सायखा स्थित गुजरात औद्योगिक विकास निगम क्षेत्र में दवा फैक्ट्री में बॉयलर फटने के बाद भीषण आग लग गई.

इस हादसे में दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 अन्य घायल बताए जा रहे हैं. प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य पूरा कर लिया है. हादसा मंगलवार रात करीब ढाई बजे हुआ, जब फैक्ट्री के अंदर चल रहे बॉयलर में अचानक जोरदार धमाका हुआ. विस्फोट इतना भीषण था कि पूरी इमारत क्षणभर में धराशायी हो गई और फैक्ट्री के अधिकांश हिस्से में आग फैल गई. धमाके की आवाज

आसपास के इलाकों तक सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई. सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं. लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. अधिकतर कर्मचारी विस्फोट के तुरंत बाद बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन दो मजदूर अंदर फंस गए और जिंदा जलकर उनकी मौत हो गई.

बिहार में नीतीश ही बनेंगे सीएम : केशव मौर्य

बिहार में राजग को मिलेगा पूर्ण बहुमत

लखनऊ, 12 नवंबर. उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और बिहार के सहप्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को बड़ा बयान दिया.

उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को पूर्ण बहुमत मिलेगा और बिहार के तेजस्वी और ऊर्जावान नेता नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे. उन्होंने 'यूनीवार्ता' से विशेष बातचीत के दौरान बिहार को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा.उन्होंने कहा कि राजग 2020 से भी बड़ी जीत इस चुनाव में दर्ज करने जा रही है. बिहार की जनता ने उन लोगों को नकारने का

काम किया है, जिन्होंने लगातार जनता को गुमराह किया है. बिहार में तेजस्वी यादव की दाल नहीं गलने वाली है. जब चुनाव में जनता ने महागठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है, तब वो अपनी भड़ास चुनाव आयोग पर निकालने का काम कर रहे हैं. आयोग की निष्पक्षता पहले भी थी और आगे भी बनी रहेगी.

गौरतलब है कि बिहार विधानसभा का चुनाव समाप्त हो गया है. अब नतीजों का इंतजार है. 14 नवंबर को बिहार में मतगणना होगी और उसी दिन चुनाव परिणाम सामने आ जाएंगे. बिहार में आयोग ने दो चरणों में चुनाव सम्पन्न कराया. बिहार विधानसभा चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा और दोनों चरणों में काफी संख्या में मतदाताओं ने अपने घरों से निकल कर मतदान किया था. इस तरह के बयानों के माध्यम से आयोग के खिलाफ माहौल बनाने की साजिश रची जा रही है.

म्यांमार से असम ले जाई जा रही 1 .3 किलो हेरोइन जब्त

चुराचांदपुर/मणिपुर, 12 नवंबर. मणिपुर के संवेदनशील चुराचांदपुर जिले में असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1.3 किलो हेरोइन जब्त की है.

यह कार्रवाई रविवार रात को गुप्त सूचना के आधार पर की गई. पुलिस का कहना है कि मामले में तस्कर से पूछताछ के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है. पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली. तलाशी के दौरान वाहन से 108 साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखी गई हेरोइन बरामद हुई. यह मादक पदार्थ म्यांमार से तस्करी कर मणिपुर के रास्ते असम के सिलचर ले जाया जा रहा था. पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान लेटमिनथांग (29 वर्ष) के रूप में हुई है. वह मणिपुर के चंदेल जिले स्थित चेहजांग गांव का निवासी है. प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि यह खेप सीमावर्ती म्यांमार से लाई गई थी और इसका मुख्य ठिकाना असम के सिलचर इलाके में स्थित था, जहां इसे वितरित किया जाना था. सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इसके पीछे एक संगठित तस्करी नेटवर्क काम कर रहा है. असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की इस सफलता को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी माना जा रहा है.

यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम जारी

नई दिल्ली, 12 नवंबर. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम जारी कर दिया है, जो उम्मीदवार सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा 2025 में शामिल हुए थे, वे अब अपना परिणाम यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर देख सकते हैं. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम चेक करें और आगे की प्रक्रिया से जुड़ी अपडेट्स नियमित रूप से चेक करते रहे. बता दें कि मुख्य परीक्षा 22 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक आयोजित की गई थी, जो उम्मीदवार परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे.

स्टांप ड्यूटी व पंजीकरण शुल्क में कटौती

▸ योग सरकार ने मकान मालिकों को दी बड़ी राहत

लखनऊ, 12 नवंबर. उत्तर प्रदेश सरकार ने किरायेदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत देते हुए किराया अनुबंधों पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में कटौती करने का निर्णय लिया है.

इस कदम का उद्देश्य किराये के समझौतों को कानूनी रूप से पंजीकृत कराने को बढ़ावा देना और अनौपचारिक व्यवस्थाओं से उत्पन्न विवादों को कम करना है. सरकार इसके साथ ही एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है, जिसके माध्यम से किरायेदार और मकान मालिक आधार सत्यापन के जरिए डिजिटल रूप से किराया अनुबंध तैयार और हस्ताक्षर कर सकेंगे. इससे उप-पंजीयक कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी. वर्तमान में एक वर्ष की अवधि और सालाना किराया दो लाख रुपये तक वाले अनुबंध पर चार प्रतिशत यानी लगभग 8,000 रुपये की स्टांप ड्यूटी लगती है. प्रस्ताव के अनुसार, अब यह घटकर सिर्फ 500 रुपये रह जाएगी. अधिकारियों के मुताबिक, यह सुधार राज्य के किराया बाजार को औपचारिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है. मकान मालिक और किरायेदार 11 माह के अनुबंध करते हैं ताकि उन्हें रजिस्ट्री की झंझट और भारी शुल्क से बचा जा सके.

आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य में केवल 36,000 किराया अनुबंध पंजीकृत हुए थे, जबकि वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक मानी जाती है. अधिकारियों का मानना है कि शुल्क में कटौती के बाद पंजीकरणों में कई गुना वृद्धि होगी. अधिकारियों की मानें तो वर्तमान नियमों के तहत किराया अनुबंध अधिकतम 30 वर्ष तक किए जा सकते हैं. 30 वर्ष तक के अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी किराये के मूल्य पर लगती है.

बिहार और झारखंड में सर्दी की दस्तक, तापमान में गिरावट शुरू

औरंगाबाद सबसे ठंडा, गया-शेखपुरा में तापमान 14 डिग्री

पटना/रांची, 12 नवंबर. बिहार और झारखंड में नवंबर के दूसरे हफ्ते के साथ ही सर्दी ने दस्तक दे दी है. राज्य के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और रात के समय अब ठंडक का एहसास बढ़ने लगा है.

बिहार के औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, समस्तीपुर जैसे जिलों में पारा 14 डिग्री से नीचे चला गया है, जबकि झारखंड के गुमला और कोडरमा में यह 9 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया. मौसम विभाग का कहना है कि हिमालय क्षेत्र से आ रही ठंडी हवाएं अगले कुछ दिनों में और ठंड बढ़ा सकती हैं.

राजधानी पटना और रांची में सुबह-शाम हल्की सिहरन महसूस हो रही है, जबकि ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं. वहीं, वायु गुणवत्ता सूचकांक के अस्वस्थ श्रेणी में बने रहने से स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को खासकर बुजुर्गों और बच्चों को सावधानी बरतने की सलाह दी है. बिहार और झारखंड में सर्दी अब धीरे-धीरे दस्तक दे रही है. मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को बिहार में न्यूनतम तापमान 12.5 से 17.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया.

सोने की तस्करी करने वाले गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली, 12 नवंबर (वार्ता). राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने ऑपरेशन बुलियन ब्लेज के तहत बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने मुंबई में सोने की तस्करी कर उसे पिघलाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके पास से 11.88 किलोग्राम सोना जब्त किया है. डीआरआई ने बताया कि ऑपरेशन बुलियन ब्लेज के तहत मुंबई में सोने की तस्करी, उसे गुप्त भट्टियों में पिघलाने और परिष्कृत सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने में शामिल एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है. अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर दस नवंबर को मुंबई में चार गुप्त स्थानों पर सोने को पिघलाने वाली दो अवैध इकाइयों और सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने से जुड़ी दो अपंजीकृत दुकानों की तलाशी ली. उन्होंने कहा कि दोनों अवैध भट्टियों में तस्करी किए गए सोने को पिघलाने और अन्य रूपों में बदलने के लिए पूरी व्यवस्था थीं. अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अवैध भट्टियां चलाने वालों को हिरासत में ले लिया और मौके पर ही 6.35 किलोग्राम सोना बरामद किया. इसके बाद तस्करी का सोना और पिघली हुई छड़ें प्राप्त करने वाली दो दुकानों की भी तलाशी ली गई, जिसमें से एक दुकान से 5.53 किलोग्राम अतिरिक्त सोने की छड़ें बरामद हुई.

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे
(भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का स्वायत्त संस्थान)
डॉ. होमी भाभा मार्ग, पुणे - 411 008 | वेबसाइट: www.iiserpune.ac.in
IISER PUNE

डेटा विज्ञान विभाग में अनुसंधान कार्यक्रम के लिए प्रवेश – जनवरी 2026

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे जनवरी 2026 सत्र के लिए पीएचडी **डेटा विज्ञान** पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता और आवेदन प्रक्रिया का विवरण
https://www.iiserpune.ac.in/education/admissions
पर उपलब्ध है।

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
(एक नवरत्न कंपनी)
सीआईएन संख्या: U40106DL2011GOI225263

अधिसूचना संख्या 06 / 2025
वरिष्ठ सलाहकार की भर्ती

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेकी) – नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में एक अनुसूची 'ए नवरत्न सीपीएसई' सेकी वरिष्ठ सलाहकार (व्यवसाय विकास) के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम संख्या	पद	पदों की संख्या	वेतन (प्रति माह)
1	वरिष्ठ सलाहकार (व्यवसाय विकास)	10*	₹1,25,000

*10 पद – प्रत्येक राज्य के लिए 1 पद – गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश।
अधिक विस्तृत सूचना के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.seci.co.in** के 'करियर' अनुभाग पर जाएँ।
ऑनलाइन पंजीकरण 30.09.2025 (सुबह 11:00 बजे) को खुलेगा और 28.11.2025 (शाम 5:00 बजे) को बंद हो जाएगा।

एक नजर में

यूनान में बारिश और ओलावृष्टि से भारी क्षति

एथेंस, 12 नवंबर. यूनान के उत्तर-पूर्वी एजियन द्वीपों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश और ओलावृष्टि होने से बाढ़ आई गयी है और इसके कारण घरों, व्यवसायों और फसलों को काफी नुकसान हुआ है. स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. लेसवोस द्वीप पर कल्लोनी शहर सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ है. त्सिकनियास नदी के उफान पर आने से यहां की सड़कें, घर और कई दुकानें जलमग्न हो गयीं. कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी 1.3 मीटर तक पहुँच गया, जबकि आपातकालीन दल इमारतों से पानी निकालने के लिए घंटों काम करते रहे. एक पुल पर मलबा जमा होने से बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गयी है. ऐतिहासिक क्रेमास्ती पुल को भी नुकसान पहुंचा है.

भ्रष्टाचार के केस में पूर्व श्रीलंकाई मंत्री गिरफ्तार

कोलंबो, 12 नवंबर. श्रीलंका के पूर्व पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री प्रसन्ना रणतुंगा को रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया. आयोग ने एक बयान में कहा कि श्री रणतुंगा को 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. आयोग के अनुसार यह मामला मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले चार संस्थानों के लिए एक नई बीमा योजना की खरीद से जुड़ा है. सरकारी स्वामित्व वाली श्रीलंका बीमा निगम (एसएलआईसी) से सीधे बीमा पॉलिसियां खरीदने के बजाय, रणतुंगा ने कथित तौर पर एक निजी ब्रोकरेज कंपनी का इस्तेमाल किया, जिससे एसएलआईसी को 47 लाख रुपये (2021 की विनिमय दरों पर लगभग 24,000 अमेरिकी डॉलर) से अधिक का नुकसान हुआ.

इस्लामाबाद कोर्ट ब्लास्ट के बाद तनाव बढ़ा

इस्लामाबाद, 12 नवंबर. पाकिस्तान के इस्लामाबाद कोर्ट परिसर में हुए धमाके के बाद रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि यदि अफगानिस्तान अपनी भूमि पर आतंकियों को शरण देना जारी रखता है तो पाकिस्तान संभावित सैन्य कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा. रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की बढ़ती घटना को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं करेगा. उन्होंने कहा अफगान तालिबान की निंदा और खेद के शब्द केवल बयानों तक ही सीमित हैं, उनमें ईमानदारी नहीं दिखती.

विमान दुर्घटना में 20 सैनिकों की मौत



अंकारा, 12 नवंबर. तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त सी-30 **मालवाहक विमान में सवार सभी** 20 सैनिकों **की मौत हो गयी है.**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद तुर्की और जॉर्जिया के अधिकारियों ने समन्वित खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया.

जॉर्जिया के गृह मंत्रालय के अनुसार अज़रबैजान से तुर्की जा रहे इस विमान का जॉर्जियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के 27 मिनट बाद रडार से संपर्क टूट गया और यह अज़रबैजानी सीमा से लगभग पांच किमी दूर जॉर्जिया के सिग्नागी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

दुर्घटनास्थल के चारों ओर एक बड़ा सुरक्षा घेरा बनाकर कई एम्बुलेंस और अग्निशमन दल घटनास्थल पर तैनात किए गए थे. तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति रेचेप तैयप अर्दोगन और जॉर्जियाई प्रधानमंत्री इराकली कोबाखिद्ज़े ने खोज और बचाव कार्यों को लेकर मंगलवार शाम को फ़ोन पर चर्चा की. उल्लेखनीय है कि सी-130 तुर्की वायु सेना में 1964 से सेवारत था. तुर्की ने अपने पुराने बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए हाल ही में ब्रिटेन से 12-130छ्व सुपर हरक्यूलिस विमान खरीदने की घोषणा की है.

पांच हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली. दिल्ली में लाल किले के पास कार विस्फोट के दो दिन बाद बुधवार को देश के पांच हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, हालांकि जांच के बाद यह धमकी फर्जी पायी गयी। विमान सेवा कंपनी इंडिगो के सूत्रों ने बताया बुधवार की एयरलाइंस को एक ईमेल मिला जिसमें पांच हवाई अड्डों के बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी. इंडिगो ने सभी संबंधित हवाई अड्डों को यह मेल भेजकर उन्हें सतर्क कर दिया. यह ईमेल दोपहर बाद 3.15 बजे के आसपास आया था.

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री शंकर लाल श्रीवास शंकर श्रीमती कमलेश देवी श्रीवास (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10409036)	पीएच नं. 44, खसरा नंबर 586/1/ख, बाबा किराना स्टोर के पास, टिकरू (रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर 34), मुरवारा, कटनी, मध्य प्रदेश, 483501 - भारत का पूरा हिस्सा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल: 860.00, 663.00, 829.00	रु. 413819/- चार लाख तेरह हजार आठ सौ उन्नीस मात्र	08-08-2025	10/11/2025
श्री सूरज प्रसाद बर्मन श्रीमती चन्नी बाई बर्मन (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10731583)	पटवारी हल्का नंबर 29, प्लॉट का वह सारा टुकड़ा और पार्सल क्रमांक 44, खसरा क्रमांक 141, ग्राम झिरिया में स्थित, तहसील विजय राघवगढ़, जिला कटनी, म.प्र., 483775, भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 1539.00, 400.00	रु. 243753/- दो लाख तिरतालीस हजार सात सौ तिरेपन मात्र	13-08-2025	10/11/2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय: 225, नेपियर टाउन, द्वितीय तल, चंद्रिका टावर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 13-11-2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड
कार्यालय महाप्रबंधक (सं./सं.) वृत्त, पाटनदेव सागर रोड, रायसेन-464551 (म.प्र.)
ई-मेल : raisencircle@gmail.com
क्र./महा.प्र./सं.सं./वृत्त/2025-26/6882 रायसेन, दिनांक : 12.11.2025

NOTICE INVITING E-TENDERS (NIT-01)

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work :-

Particulars	App. Value (In. Lakh)	Tender Document Fees (In Rs.)	Bid Submission Start & End Date	Bid Opening Date & Time
Empanelment of Agencies for Restoration of Distribution Infrastructure during Emergency in Raisen Circle	50.00	5900/-	12.11.2025, 18:00 Hrs. Up to 18.11.2025, 12:30 Hrs.	19.11.2025 at 13:00 Hrs.

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122990/2025 GENERAL MANAGER (O&M)

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
VASTU HOUSING FINANCE
यूनिट 203 और 204, द्वितीय तल, "ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सिवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र। सीआईएन नं.: U65922MH2005PLC272501

कब्जा नोटिस

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एक मांग नोटिस जारी करता हूँ जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 9 के अंतर्गत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपत्ति का कब्जा नीचे उल्लिखित तिथि को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा द्वारा नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज, लागत आदि के प्रभार के अधीन होगा।

स. क्रं.	उधारकर्ता का नाम, सह-उधारकर्ता और LAN नंबर	मांग नोटिस की तिथि और राशि	संपत्ति का विवरण	कब्जा करने की तिथि और प्रकार
1	सिराज अहमद अंसारी, नाज़िया अंसारी, HI0000000083041	15-अप्रैल-25 ₹ 1457459 09-अप्रैल-25 तक	भूमि मौजा/गाँव-कुदवारी में संपत्ति एन.बी. संख्या 503, पी.एच. संख्या 24, पुराना और नया नंबर 80 आर.एन.एम. महाराजपुर खसरा संख्या 118, भूखंड क्षेत्रफल 638 वर्ग फुट (59.29 वर्ग मीटर), तहसील पनागर, जिला-जबलपुर (मध्य प्रदेश)-482001। उत्तर- मुराद खान की संपत्ति, दक्षिण- रईस का मकान, पूर्व- इश्तियाक की संपत्ति, पश्चिम-20, फिट सैड रोड	प्रतीकात्मक कब्जा 07-नवम्बर-25 को लिया गया

दिनांक : 13.11.2025
स्थान : जबलपुर
अधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड